Title: Need to include Balaghat district in the proposed State of Chattisgarh.

श्री गौरी शंकर चतुर्भुज बिसेन : माननीय सभापति महोदय, हमारी सरकार ने भारतवर्ष में तीन नये राज्य बनाने का निर्णय लिया है और नेशनल ऐजेण्डा के तहत छत्तीसगढ़ को मध्य प्रदेश से अलग राज्य का दर्जा मिलने वाला है। इसके संदर्भ में कैबिनेट कमेटी का भी गठन हुआ है। माननीय सभापति महोदय, इस प्रस्तावित छत्तीसगढ़ राज्य में बस्तर, रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव और सरगुजा सम्मिलित हैं, लेकिन उन्हीं से लगा हुआ बालाघाट सम्मिलित नहीं है। मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि संस्कृति, सभ्यता, खेती, उद्योग आदि में समानता रखने वाले बालाघाट जिले में वन-संपदा और खनिज संपदा प्रचुरता में है और ये सारी परिस्थितियां छत्तीसगढ़ के समान हैं। वहां की बोलचाल की भाषा भी एक सी है। इसलिए बालाघाट जिले को छत्तीसगढ़ राज्य में सम्मिलित किया जाए, यह हमारी भारत सरकार से मांग है।

MR. CHAIRMAN : Shri Chandramani Tripathi please.

... (Interruptions)

SHRI N.K. PREMCHANDRAN (QUILON): Sir, I want to raise an important matter.

MR. CHAIRMAN: Yes, your name will be called.